लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर
(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा श्रेणी–I मानी गई सम विश्वविद्यालय)
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार
Lakshmibai National Institute of Physical Education, Gwalior
Category-I Deemed to be University declared by UGC
Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India

स.क्र.:–ई.डी./73/113/2025–26/157 दिनांक :– 03/02/2026

# निदेशक विस्तार सेवायें
## सूचना

लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर में वर्ष 2025–26 के लिए क्रिकेट, फुटबॉल एवं बैडमिंटन खेल में 02 फरवरी 2026 से 31 जुलाई 2026 (06 माह) तक नर्सरी का आयोजन किया जाऐगा।नर्सरी में सम्मिलित खेलों की **पुनः चयन प्रक्रिया दिनांक 06 फरवरी 2026** को संस्थान के खेल संबंधित ग्राउण्ड/कोर्ट पर सायंकाल 04:00 बजे से आयोजित की जावेगी। जो भी खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं वे उपयुक्त खेल परिधान एवं खेल से संबंधित उपकरण जैसे बैट, रैकेट, शूज इत्यादि के साथ निर्धारित दिनांक एवं समय पर पहुंच कर इस चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।
संबंधित खेल की आयु, स्थान, दिनांक, समय एवं फीस का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रं. | खेल | आयु वर्ग | स्थान | पुनः चयन प्रक्रिया की दिनांक एवं समय | वर्ष 2026 में लिया जाने वाला शुल्क (जीएसटी अतिरिक्त) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रिकेट | 8–17 | क्रिकेट ग्राउण्ड | 20.01.2026 (सांय 4.00 बजे) | 15,000/– (06 माह) |
| 2 | बैडमिंटन | 8–17 | मल्टीपरपज हॉल | 20.01.2026 (सांय 4.00 बजे) | 13,500/– (06 माह) |

**नियम एवं शर्ते**

1. सभी खेलों में नर्सरी सोमवार से शुक्रवार तक सायंकाल 4 – 6 बजे तक चलाई जाएगी।
2. सभी खेलों में फीस एक किस्त में जमा की जाएगी।
3. संस्थान में कार्यरत सदस्यों के पुत्र/पुत्रियों को निर्धारित शुल्क के 20 प्रतिशत भुगतान के आधार पर नर्सरी में चयन होने पर फीस ली जाएगी। (संबंधियों के बच्चों को इस छूट का लाभ नहीं दिया जाएगा।)
4. समस्त खेलों के प्रशिक्षणार्थियों को परिचय–पत्र दिया जाएगा।
5. प्रशिक्षणार्थी द्वारा पुनः परिचय–पत्र बनवाने की स्थिति में रूपये 50/– संस्थान के लेखा विभाग में जमा कराये जाने के उपरान्त बनाया जाएगा।
6. प्रशिक्षणार्थियों द्वारा फीस जमा करने के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में फीस वापिस नहीं की जाएगी।
7. चयनित प्रशिक्षणार्थी, आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाईट से डाउनलोड करें।

**नोटः–**

1. जो भी छात्र इस चयन प्रक्रिया में भाग लेना चाहते है वे उपयुक्त खेल परिधान एवं खेल से संबंधित उपकरण जैसे बैट, रैकट, शूज, इत्यादि के साथ निर्धारित दिनांक एंव समय पर पहुंच कर इस चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते है।
2. प्रशिक्षणार्थियों की संख्या 10 से कम होने पर उस खेल मे नर्सरी नहीं चलाई जावेगी।
3. चयनित प्रशिक्षणर्थियों की सूची दिनांक 09 फरवरी 2026 को निकाली जाएगी।
4. जिन प्रशिक्षणार्थियों का चयन नर्सरी में हो जाता है वे अपनी फीस संस्थान के लेखा विभाग में जमा करावें।

5. चयन होने के उपरान्त प्रशिक्षणार्थी संस्थान की वेबसाईट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर, उसे भरने के उपरान्त संबंधित खेल की राशि (जीएसटी सहित) संस्थान के लेखा विभाग में जमा करावें।
6. भरा हुआ आवेदन पत्र, जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति, फीस की रसीद की छायाप्रति एवं 100/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर स्वंय की जिम्मेदारी का शपथ–पत्र संस्थान के विस्तार सेवा विभाग में जमा करायें।

**(प्राधिकारः कुलपति महोदया अनुमोदन दिनांक 02.02.2026)**

03.2.2026

**डॉ. मदन सिंह राठौड़**
निदेशक विस्तार सेवायें

प्रतिलिपिः–
–कुलपति सचिवालय
–कुलसचिव सचिवालय
–वित्त अधिकारी
–डायरेक्टर आइक्यूसी (वेबसाईट पर डाउनलोड हेतु)
–वेबसाइट पर अपलोड हेतु
– जन सम्पर्क अधिकारी
– संबंधित पंजी